**विधान परिषद् के प्रथम सत्र, 2023 के प्रथम गुरूवार के लिये निर्धारित श्री भीमराव अम्बेडकर, मा0 सदस्य विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-14 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 14 (क) क्या महिला कल्याण मंत्री बतायेंगे कि नगर निगम क्षेत्र लखनऊ के अति महत्वपूर्ण चौराहों पर छोटे-छोटे बच्चें, महिलायें व वृद्ध अपना जीवनयापन करने के लिए भिक्षाटन करते हैं ? | जी हॉ, प्राय: ऐसे प्रकरण संज्ञान में आते रहते हैं। |
| (ख) यदि हॉ, तो उन सभी को विशेष योजना बनाकर सम्मानजनक जीविकोपार्जन की व्यवस्था करायेंगे? | महिला कल्याण विभाग द्वारा विभागीय योजनाओं के अन्तर्गत उक्त प्रकार के बच्चों के लिए 08 राजकीय बाल गृह (बालक) ,05 राजकीय बाल गृह ( बालिका) एवं 05 राजकीय बाल गृह (शिशु), 25 राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोर), 02 राजकीय सम्प्रेक्षण गृह (किशोरी), 02 राजकीय विशेष गृह, 05 राजकीय विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण, 01 राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन (किशोर), 04 राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन (किशोरी), पी0पी0पी0 माडल के अन्तर्गत राजकीय विशेषीकृत गृह (बालक/बालिका/शिशु) तथा स्वैच्छिक संगठनों के माध्यम से संचालित 24 बाल गृह (बालक), 32 बाल गृह ( बालिका), 42 बाल गृह (शिशु) संचालित हैं।<br>इसी प्रकार विभाग द्वारा 09 राजकीय महिला शरणालय तथा 01 मानसिक मंदित महिला प्रकोष्ठ गृह का संचालन किया जा रहा है, जिसमें उक्त प्रकार की महिलाओं हेतु भोजन शिक्षा एवं चिकित्सा आदि की नि:शुल्क समुचित व्यवस्था उपलब्ध है ।<br>वृद्धजनों के कल्याण हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा वृद्धाश्रमों का संचालन किया जाता है । |
| (ग) यदि हॉ, तो कब तक ? | प्रश्न नहीं उठता । |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता । |

**बेबी रानी मौर्य**
**मंत्री**